आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 10.01.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – पलायन के समाधान के लिए विशेष औद्योगिक नीतियों के तहत राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने जन भागीदारी को टी.बी उन्मूलन का आधार बताते हुए सभी नागरिकों से निःक्षय मित्र बनने की अपील की।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों को ऋण वितरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में अगले दो दिन ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और बारिश की संभावना

**उत्तरायणी कौतिक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि पलायन के समाधान के लिए विशेष औद्योगिक नीतियों के तहत राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। आज ऊधम सिंह नगर जिले के खटीमा में आयोजित उत्तरायणी कौतिक को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि सरकार, राज्य में विकास के साथ ही सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से हस्तशिल्प और कुटीर उद्यमियों को मंच प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता को लेकर श्री धामी ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चंपावत जिले के टनकपुर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

**टी.बी. उन्मूलन राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने जन भागीदारी को टी.बी उन्मूलन का आधार बताते हुए सभी नागरिकों से निःक्षय मित्र बनने की अपील की है। राज्यपाल ने आज राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोद लिए गए 13 टी.बी रोगियों को मासिक पोषण किट वितरित

की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए अगर प्रत्येक व्यक्तिएक टी.बी रोगी का निःक्षय बनकर उसके इलाज और पोषण में सहयोग करें, तो हम इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि टी.बी उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने रोगियों से बातचीत कर उन्हें उपचार के दौरान नियमित पौष्टिक आहार और संतुलित जीवन शैली अपनाने की सलाह दी। गौरतलब है कि राज्यपाल द्वारा अभी तक गोद लिए गए 50 टी.बी रोगी पूरी तरह स्वस्थ होकर टी.बी मुक्त हो चुके हैं। इस महत्वपूर्ण पहल को आगे बढ़ाते हुए, राज्यपाल ने 13 और टी.बी रोगियों को गोद लिया है, जिन्हें आज मासिक पोषण किट प्रदान की गई। उन्होंने इस अभियान के तहत अभी तक कुल 63 रोगियों का निःक्षय मित्र बनकर उन्हें गोद लिया है।

## यूसीसी प्रशिक्षण पौड़ी

प्रदेश में समान नागरिक संहिता– यूसीसी लागू करने की प्रक्रिया के तहत विभिन्न जिलों में प्रशिक्षण दिया जा रह है। इसी कड़ी में पौड़ी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनमें रजिस्ट्रार और तहसीलों के रजिस्ट्रार भी शामिल हैं। इस दौरान उन्हें पोर्टल पर ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन का उद्देश्य व्यक्तिगत कानूनों में एक रूपता सुनिश्चित करना, समानता को बढ़ावा देना और कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।

## भाहतूत वृक्षारोपण

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने हवालबाग विकासखंड के धामस ग्राम में कलस्टर आधारित शहतूत वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की आजीविका को बढ़ाने के साथ ही जल संवर्धन, मृदा संरक्षण और बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने में मदद मिलेगी। रेशम विभाग के सहायक निदेशक संजय काला ने बताया कि स्थानीय लोगों को जोड़कर बनाए गए इस कलस्टर में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा साढ़े सात हजार शहतूत का वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में इतने बड़े पैमाने पर यह पहला प्रयास है, जिसमें शहतूत की नर्सरी भी तैयार की जा रही है।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों को ऋण वितरण और अदायगियों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नाबार्ड को प्रस्तावों की स्वीकृति में भी तेजी लाने को कहा है। आज सचिवालय में नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक

की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष विभागों की संवितरण की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इसलिए सभी विभागों को इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने प्रस्तावों की लगातार निगरानी करने के निर्देश भी दिए। एक अन्य बैठक की समीक्षा करते हुए श्रीमती रतूड़ी ने सभी विभागों को राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी विभागों के सचिवों को अगले बजट के प्रस्तावों पर तेजी से कार्य करते हुए समय भेजने के भी निर्देश दिए।

**मौसम**

प्रदेश में अगले दो दिन ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण राज्य में हल्की से मध्यम वर्षा और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं, जिससे तापमान में भारी गिरावट आने की आशंका है। विभाग ने 12 जनवरी को देहरादून समेत टिहरी, पौड़ी, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में मौसम खराब होने का येलो अलर्ट जारी किया है।

मशरूम

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को प्रोटीनयुक्त भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल्दी ही विद्यालयों में मशरूम की खेती की जाएगी। आकाशवाणी से बातचीत में समग्र शिक्षा अभियान के अपर राज्य परियोजना निदेशक कुलदीप गैरोला ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत देहरादून और टिहरी जिले के सरकारी स्कूलों में मशरूम की खेती की शुरुआत की जाएगी।

रेंडमाइजेशन देहरादून

देहरादून जिले में निकाय चुनाव के सफल सम्पादन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। जिले के दो नगर निगम, चार नगर पालिका परिषद और एक नगर पंचायत के लिए रिजर्व कार्मिकों सहित 4 हजार 704 कार्मिकों का रेंडमाजेशन हुआ। इसमें नगर निगम देहरादून के तहत 20 और नगर निगम ऋषिकेश के लिए पांच पिंक बूथ शामिल हैं।

**कृषि विज्ञान कांग्रेस**

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में आगामी 20 फरवरी से 17वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस आयोजित की जा रही है। कृषि का महाकुंभ कहे जाने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन 'विकसित भारत के लिए कृषि में अग्रणी विज्ञान और प्रौद्योगिकियां" विषय पर केंद्रित होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि कृषि विज्ञान कांग्रेस में 35 से 50 देशो के लगभग ढाई हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। उन्होंने इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए सभी का आह्वान किया।